## पेयजल लाईन को किया क्षतिग्रस्त

**भुसावर, (निसं)।** उपखण्ड भुसावर के क्रेशर जोन क्षेत्र से निकलने वाले खनन सामग्री से भरे वाहनों से आमजन पूरी तरह परेशान है। हिण्डौन सडक मार्ग स्थित पीएनबी बैंक के सामने, जहां तेज रफ्तार ट्रक चालक ने वाहन को लापरवाही से चलाते हुए सडक किनारे नाले के पास होकर कॉलोनी में पेयजल सप्लाई के लिए डाली गई पाईपलाईन को क्षतिग्रस्त कर दिया और फरार हो गया जिससे कॉलोनी में पानी की सप्लाई नही होने से कॉलोनी के लोगों को पेयजल के लिए भटकना पडा। जिसका पता चलते ही जलदाय विभाग के कार्मिक मौके पर पहुंचे और घंटों की मशक्कत के बाद पाईपलाईन को दुरूस्त कर राहत प्रदान की। मिली जानकारी के अनुसार देर रात्रि को ट्रक चालक ने वाहन को लापरवाही से चलाते हुए सडक किनारे होकर जा रही पेयजल लाईन को क्षतिग्रस्त कर दिया और फरार हो गया। प्रात: जब कॉलोनी के लिए पानी छोडा गया तो कॉलोनी में पाईपलाईन क्षतिग्रस्त होने के कारण पानी नही पहुंचा जिसकी जानकारी कॉलोनी के लोगों ने प्रशासन को दी जिस पर तुरन्त जलदाय विभाग जेईएन शैलेन्द्र सैनी ने कार्मिकों को भेजकर क्षतिग्रस्त पाईप लाईन को दुरूस्त करवाया।

# बीज विक्रेता पर कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश

- जोधपुरा गांव में खेतों में बीज अंकुरित नहीं हुए
- किसानों ने नकली बीज देने का लगाया आरोप



बाजरे के बीज की बुवाई करने के कई दिन बाद भी अंकुरित नहीं होने से किसानों में रोष व्याप्त है।

**टोडाभीम (निसं )।** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मातासूला के गांव जोधपुरा में अच्छी बारिश होने के बाद किसानों ने खेतों में फसल बुवाई का कार्य भी शुरू कर दिया है। इसी को लेकर राज्य सरकार ने अधिकारियों को भी क्षेत्र की खाद बीज की दुकानों का निरीक्षण करने के भी निर्देश दे रखे हैं। लेकिन सख्ती के बाद भी खाद बीज संचालक नकली बीज बेचने से बाज नहीं आ रहे हैं। कृषि के निरीक्षण करने के दावे खोखले साबित हो रहे है। नकली बीज बेचने का मामला क्षेत्र के गांव जोधपुरा में सामने आया हैं।

ग्रामीणों ने जानकारी पर बताया कि 50 रुपये सस्ते के लालच में ग्रामीण मेहंदीपुर बालाजी थाना क्षेत्र के सिकराय से ओम खाद बीज भंडार की दुकान से बाजरे के बीज की सौ थैलियां खरीदकर लाये थे। बारिश के बाद जोधपुरा के सैकड़ों की किसानों ने ओम खाद बीज भंडार से प्रो एग्रो हाइब्रिड बाजरे का बीज खरीदा था। लेकिन बाजरे के बीज की खेतों में बुवाई करने के कई दिन बाद भी वो अंकुरित नहीं होने से किसानों में रोष व्याप्त है। जोधपुरा के ग्रामीणों के द्वारा नकली बीज बेचने की शिकायत एसडीएम दुर्गाप्रसाद मीना से की गई ग्रामीणों की शिकायत पर एसडीएम दुर्गाप्रसाद मीना ने कहा कि मामला दौसा जिले का इसमें हम कार्यवाही के लिये कृषि अधिकारियों को लिखेंगे। ग्रामीणों ने जानकारी और बताया कि ऊक्त मामले की प्राथमिकी दर्ज करवाने के लिए ग्रामीण टोडाभीम थाने में गये तो थानाधिकारी ने मामला दौसा जिले क्षेत्र का बताकर ग्रामीणों को चादुसा गाव के थाना क्षेत्र में मामला दर्ज करवाने की बात कही गई। जिला कृषि अधिकारी ने जानकारी पर बताया कि सिकराय के चांदूसा गांव में संचालित ओम खाद बीज भंडार की दुकान से बाजरे के बीज के सैम्पल ले लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि दुकान से लिये गए सैम्पलों को जांच के लिए भिजवा दिया गया हैं जांच के बाद ही कोई कार्यवाही की जावेगी। इस दौरान किसानों ने कृषि पर्यवेक्षक राजेन्द्र कुमार मीना को इसकी जानकारी दी तो उन्होंने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया तो उन्हे खेतों में 5 से 10 फीसदी बीज ही अंकुरित पाया गया। वहीं ग्रामीण की। मांग पर ऊक्त दुकानदार के सैम्पल लेने की कार्यवाही जिले के अधिकारियों के माध्यम से दौसा के कृषि अधिकारियों के द्वारा करवाई गई हैं। कृषि पर्यवेक्षक राजेन्द्र कुमार मीना ने बताया कि विभाग द्वारा किसानों की सूची बना ली गई हैं यदि जांच में बीज खराब पाया गया तो पीड़ित किसानों को मुआवजा मिल जाएगा।

## सार-समाचार

### रास्तों से हटाया अतिक्रमण

**मासलपुर, (निसं.)।** मासलपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत खेड़िया प्रशासन ने रविवार को मलूकपुरा गांव में कार्यवाही करते हुए खेत और श्मशान घाट को जाने वाले रास्तों से अतिक्रमण हटाया। खेत और श्मशान घाट के जाने वाले रास्तों में हो रहे अतिक्रमण से किसानों व ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए ग्राम पंचायत सरपंच रायसिंह द्वारा अतिकमियों से अतिक्रमण हटाने की पहल शुरू की गई। जिसके चलते रविवार को सकारात्मक रुझान सामने आए सरपंच की पहल पर ग्रामीण अतिक्रमण हटाने को तैयार हुए। जिस पर सरपंच ने जेसीबी बुलाकर गांव के खेत और श्मशान घाट को जाने वाले रास्तो पर जेसीबी चलाकर रास्तों से अतिक्रमण हटाया।

### फूड लाइसेंस शिविर आयोजित

**करौली (निसं.)।** खाद्य पदार्थ बेचने एवं बनाने वालों को सरकार द्वारा लाइसेंस की अनिवार्यता के अंतर्गत फूड लाइसेंस बनाने संबंधी शिविर का आयोजन मीना धर्मशाला सपोटरा में किया गया जहां 68 रजिस्ट्रेशन जारी किये गये। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिनेश चंद मीणा ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार सभी खाद्य पदार्थ बेचने वाले एवं बनाने वालों को फूड लाइसेंस की अनिवार्यता पर मीना धर्मशाला सपोटरा में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्राप्त सभी 68 आवेदनों का रजिस्ट्रेशन मौके पर ही जारी किये गये।

### जैविक खेती करने की जानकारी दी

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** भारतीय किसान संघ दो दिवसीय अभ्यास वर्ग गुलकन्दी देवी आदर्श विद्या मंदिर में प्रांत मंत्री लटूर सिंह गुर्जर के सानिध्य में आयोजित किया गया। अभ्यास वर्ग शिविर में किसान संघ के सभी तहसील व जिला पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान सभी को किसान संघ की रीति नीतियो, जैविक खेती, जल संरक्षण, गौ रक्षा आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

## जाट महा सम्मेलन का शुभारंभ

**भरतपुर (निसं)।** जाट हवेली, सर छोटूराम पशुधन सहायक प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में राजस्थान जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजाराम मील के मुख्य अतिथ्य में व अखिल भारतवर्षीय जाट महासभा के पूर्व राष्ट्रीय महामन्त्री इतिहासकार रामवीर सिंह वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित जाट महा सम्मेलन का शुभारम्भ अखिल भारतवर्षीय जाट आरक्षण संयुक्त संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष एच.पी. सिंह परिहार, मथुरा जिला महा पंचायत के अध्यक्ष चौधरी किशन सिंह एवं प्रमुख उद्योगपति दीपराज सिंह, रज्जन सिंह ताखा ने महाराजा सूरजमल के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर किया। जाट महा सम्मेलन के मुख्य अतिथि राजाराम मील ने समारोह को सम्बोधित करते हुये कहा कि सरकार ओ.बी.सी. के आरक्षण को जातियों में बांट कर जातीय संघर्ष के हालात पैदा करना चाहती है, जिसे जाट किसी भी हालात में नही होने देंगे। उन्होंने जाट महापुरूषों की उपेक्षा पर रोष व्यक्त किया। जाट आरक्षण संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष एच.पी.सिंह परिहार ने समाज की एकता पर बल दिया। जाट सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुये जाट महासभा के पूर्व राष्ट्रीय महामन्त्री इतिहासकार रामवीर सिंह वर्मा ने प्रस्ताव रखा कि भरतपुर जाट महासभा का जिलाध्यक्ष डा प्रेम सिंह कुन्तल को पुन: सर्व सम्मति से निर्वाचित किया जाता है। जाट सरदारी ने हाथ उठाकर प्रस्ताव का समर्थन करते हुए डॉ. प्रेम सिंह कुन्तल को जिला अध्यक्ष चुना। समारोह में मैडीकल कॉलेज का नाम महारानी किषोरी के नाम से रखने, भरतपुर फोर्ट डिवलपमेन्ट आथोर्टी का गठन करने, राजस्थान के जाटों के लिये वीर तेजाजी विकास बोर्ड का गठन करने, डीग के जल महलों को वर्ल्ड हेरीटेज मोनूमेन्ट घोषित करने, यू.आई.टी. ऑडिटोरियम का नाम भरतपुर के अन्तिम शासक महाराजा वृजेन्द्र सिंह के नाम रखने सहित ग्यारह प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित किये गये। स्वागत भाषण कैप्टेन लक्ष्मी नारायण ने दिया। समारोह में सभी अतिथियों का माल्यार्पण साफा, शाल व प्रतीक चिन्ह् देकर सम्मान किया गया।

## चार दिन बाद समाप्त हुआ अनशन

**भुसावर, (निसं)।** उपखंड भुसावर के गांव पथेना में पिछले 4 दिनों से चल रहा अनशन प्रशासन के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ। जहां तहसीलदार ने पहुंच कर अनशनकारी युवक को ज्यूस पिलाकर अनशन समाप्त करवाया। मिली जानकारी के अनुसार गांव पथैना के बिहारी जी मन्दिर पर भाजयुमो ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष राकेश उर्फ रॉकी पथैना द्वारा ग्रामीणों के साथ गॉव की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर अनशन किया जा रहा था। जिसे लेकर चार दिन गुजर जाने के बाद तहसीलदार सुरेंद्र कुमार एवं थानाधिकारी मदन लाल मीणा मौके पर पहुंचे और अनशन कर रहे युवक से समझाइश करते हुए सभी मांगों को मानने एवं गांव की समस्याओं का जल्द निस्तारण करने की बात कहते हुए आश्वासन दिया। जिस पर सभी ग्रामीण एवं अनशनकारी युवक मान गया तो तहसीलदार ने अनशन कारी युवक को ज्यूस पिलाकर अनशन समाप्त करवाया।

## संप्रेषण एवं किशोर गृह से दो बाल अपचारी फरार

**करौली, (निसं)।** करौली बाल सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह मे अधिकारियो की लापरवाही और लचर सुरक्षा व्यवस्था के चलते दो बाल अपचारी फरार हो गये जिसका कोतवाली थाने पर मामला दर्ज कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय पर स्थित संप्रेषण एवं किशोर गृह में सुरक्षा व्यवस्था के अभाव के चलते 6 माह के अंतराल मे एक बार फिर दो बाल अपचारी फरार हुए। इससे पूर्व 26 जनवरी 2022 को इसी संप्रेषण गृह से दो बाल अपचारी फरार हो चुके है। यही नहीं वर्ष 2021 में भी बाल अपचारी फरार हुए। देखने लायक यह है कि सुरक्षा प्रबंधन के अभाव के चलते बाल अपचारीयों का फरार होने का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। ना ही संप्रेषण एवं किशोर गृह प्रशासन गंभीरता से सुरक्षा के कड़े प्रबंध कर पा रहा है।

जानकारी के अनुसार शनिवार रविवार की मध्य रात्रि को दो बाल अपचारी संप्रेषण गृह भवन के ऊपर से कूद कर फरार हो गए। जिन की सूचना संप्रेषण गृह में रह रहे बाल अपचारीयों ने ड्यूटी पर तैनात गार्ड, कर्मचारियों को सूचना दी। सूचना पाकर गार्ड, कर्मचारियों ने संप्रेषण गृह के अधीक्षण केके सांखला को सूचना दी। सूचना पाकर अधिकारी मौके पर पहुंचे और बाल अपचारीयों के भागने की पूरी जानकारी ली जानकारी के बाद अधीक्षक ने कोतवाली पर बाल अपचारीयो के भागने का मुकदमा दर्ज कराया। मुकदमा में बताया कि संप्रेषण गृह में रह रहे महावीर जी थाना क्षेत्र और हिण्डौन सदर थाना क्षेत्र के दो बाल अपचारी फरार हो गये है। जिनके खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश कर पुन: प्रेषित कराने की मांग की है। उधर कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद मीणा ने बाल अपचारीयों के फरार होने का मामला दर्ज कर टीम गठित कर तलाश शुरू की।

## रामरसिया दंगल में पौराणिक प्रस्तुतियों ने श्रोताओं का मन मोहा

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** तहसील तलावडा के समीपवर्ती गांव टटवाडा में गांववासियों एवं आमजन के सहयोग से विशाल राम रसिया दंगल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान मंजू गुर्जर ने की। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर का गांव के पंच पटेलों ने संयुक्त रूप से माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया। प्रधान मंजू गुर्जर ने शमशान घाट की चारदीवारी एवं सौंदर्यकरण के लिए 10 लाख रुपए की घोषणा की। राम रसिया दंगल कार्यक्रम में 4 राम रसिया गायन पार्टियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में किशन की झोपडी, टोटोलाई, बुचौलाई, ठिकरिया एवं भिनौरा की पार्टियों ने धार्मिक कथाओं की प्रस्तुति दी। टोटोलाई पार्टी ने भगवान देव के बखान की कथा, बुचौलाई ने 24 बगडावतो की कथा, ठिकरिया ने माता साडू की तपस्या की कथा एवं भिनौरा ने भगवान देवनारायण जन्मोत्सव की कथा सुनाई। राम रसिया दंगल कार्यक्रम सुनने के लिए हजारों की संख्या में भीड का जनसैलाब उमड पडा।

मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने सम्बोधित करते हुए कहा कि राम रसिया दंगल जैसे कार्यक्रम हमारे समाज के पारम्परिक इतिहास के गवाह हैं, हमारे संस्कृति के प्रतीक हैं, इन आयोजनों से आपसी भाईचारा और सद्भावना का विकास होता है। पारस्परिक सद्भाव एवं समरसता को बढावा देने के लिए समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन होते रहना बेहद जरूरी हैं। उन्होने मंच से सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सब का प्रेम उन्हें यहाँ तक खींच लाया हैं। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने 2 घण्टे मंच पर बैठकर लोकगीतों का भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम के अंत में गांव के पंच पटेलो की ओर से सभी मंडलियों के मेडियाओ को साफा बांधकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर गांव में विशाल भंडारा भी किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। मंच संचालन मुकेश देहात ने किया। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि रघुनाथ गुर्जर, सरपंच प्रहलाद टटवाडा, सरपंच लाला अमरगढ, सरपंच अखेराम भोपा, सरपंच हंसराज टोटोलाई, सरपंच धर्मसिंह चूली, रामखिलाडी ठेकेदार, गुल्या सरपंच, कल्याण पटेल, विलास पटेल, हरिमोहन पटेल, जगनाथ पटेल, वरिष्ठ नेता घासीलाल बैंसला, के आर बैंसला करौली सहित सैकडो की संख्या में ग्रामीण महिला पुरूष मौजूद थे।

## महिला की जान बचाई

**भरतपुर (निसं)।** भरतपुर के के रेलवे स्टेशन पर पिछले दिनों प्रात: एक चलती ट्रैन से नीचे उतर रही बुजुर्ग महिला उस समय बाल बाल बची जब उतरते समय उसका पैर फिसल गया लेकिन उसी समय वहां ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ के जवानों की निगाह उस महिला पर पड़ी और भागकर उसकी जान बचाई। रेलवे पुलिस फॉर्स द्वारा प्राप्त जानकारी के मुताबिक जोधपुर हावड़ा एक्सप्रेस विगत दिन सुबह भरतपुर रेलवे स्टेशन पर रुकी थी और दो मिनट बाद रवाना हुई। गाड़ी के रवाना होते ही चलती गाड़ी से बुजुर्ग महिला प्रीतम कुंवर उतरते लगी जो गाड़ी से गिर गई और प्लेटफार्म व गाड़ी के बीच जाने लगी।

लेकिन उस घटना को देख आरपीएफ के दो जवान सुमेर सिंह मीणा व सुरेश चंद्र मीणा भागकर वहां आये और महिला को पकड़कर उसकी जान बचाई। महिला स्टेशन पर उतरी थी ट्रेन से महिला यात्री का नाम प्रीतम कुंवर उम्र 59 वर्ष जो उक्त गाड़ी में पीएनआर नंबर 2237932956 पर कोच नंबर एस/5 की बर्थ नंबर -34 पर जोधपुर से भरतपुर की यात्रा कर रही थी।

## पिता का सिर से साया उठने के बाद मदद के लिये लोग आगे आये



मासलपुर के निकट कसारा गांव में पीड़ित परिवार को दक्ष प्रजापति विकास संस्थान के संरक्षण रामेश्वर ठेकेदार ने आर्थिक सहायता राशि सौंपी।

**मासलपुर (निसं.)।** पांच नाबालिग बच्चों के सिर से पिता का साया उठने के बाद दर-दर की ठोकरें खा रहे बच्चों की मदद के लिए लोगों के हाथ आगे बढने लगे हैं। अपने पिता के साथ बुरा वक्त गुजारने नानी के घर आए मासूमों का समय ने यहां भी पीछा नहीं छोड़ा व मासूमों के सिर से पिता का साया उठ गया। मासूम दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं उन्हें अपने जीवन कटने की चिंता सताने लगी है। मासूमों को रोने के सिवा कुछ नहीं सूझ रहा है घटना दिल पसीजने की है।

मासूमों को देख बरबस सबका मदद करने को दिल करता है ऐसे में कसारा गांव के युवाओं ने मासूमों की मदद के लिए सहायता का मिशन शुरू किया है और लोगों ने मदद के लिए हाथ बढ़ाने शुरू कर दिए हैं। घटना मासलपुर क्षेत्र के कसारा गांव की है। जहां गंगाजी की कोठी जिला सवाई माधोपुर निवासी रामराज प्रजापत अपने पांच मासूम बच्चों,पत्नी बुजुर्ग मां के साथ रोजी-रोटी की तलाश में 10 जून को ससुराल कसारा गांव आया हुआ था। मगर 18 जून को उसका एक्सीडेंट हो गया जयपुर अस्पताल में उपचार के दौरान 23 जून को उसकी मृत्यु हो गई। वही बड़े भाई सुरेश प्रजापति की 1 वर्ष पूर्व किसी के द्वारा हत्या कर शव कुएं में फेंक दिया गया। अब परिवार का सबसे बड़ा बेटा 10 वर्ष का है जो कमा नहीं सकता 4 नवालिंग बेटियां हैं ऐसे में परिवार चलाने की मुश्किलें खड़ी हो गई है। परिवार की आय का कोई साधन नहीं है हालात गंभीर है कसारा गांव की युवा टीम द्वारा सहायता की पहल शुरू की गई है। इसी कढी मे मृतक के परिवार जनो को ढांढस बंधाने पहुॅचे दक्ष प्रजापति विकास संस्थान करौली के संरक्षण रामेश्वर ठेकेदार ने परिवार के पालन पोषण के लिये 11 हजार रुपये की आर्थिक सहायता भेंट की। इस दौरान उनके साथ लखन गुबरेडा, अमर सिंह समलेटी, गंगाराम प्रजापत, रमेश चन्द प्रजापत, राजाराम ठेकेदार, राजू, उदय सिंह, रतीराम प्रजापत, रामजीलाल, शेरसिंह सहित कई समाज के अन्य लोग साथ थे।

## अपना घर समिति ने श्रमदान किया

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** मां माधुरी बृज वारिस सेवा संस्था बझेरा,भरतपुर से सम्बद्ध अपना घर सेवा समिति गंगापुर सिटी द्वारा सेवा कार्यो के सरोकार के तहत रविवार को प्रात: 6.30 बजे दशहरा मैदान के पास स्थित हीरालाल मोक्षधाम श्रमदान कार्यकम का आयोजन किया गया। अपना घर सेवा समिति के संयुक्त सचिव विश्वबंधु आर्य ने बताया कि कार्यक्रम के प्रभारी राकेश कुमार (लाला) एवं देवेंद्र मित्तल के निर्देशन में साफ सफाई का कार्य किया गया जिसमें पूरे मोक्षधाम परिसर में कचरे की सफाई कर, झाडू लगाकर कचरे व पॉलिथीन को नष्ट कर मोक्षधाम को पोलीथीन एवं कचरा मुक्त किया गया जिससे मोक्षधाम के सौंदरीयकरण में निखार आया। समिति के इस कार्यक्रम में नगर परिषद सभापति एवं समिति सदस्य शिवरतन अग्रवाल भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मोतीलाल रावत, डॉ.एन.आर. मीना, अशोक बंसल, कमलेश भारद्वाज, घनश्याम रावत, चौखेलाल वर्मा, गिर्राज गोयल, डॉ. सीताराम अग्रवाल, हरिचरण गुप्ता आदि सदस्यों ने हिस्सा लिया।

## चौपाटी निर्माण कार्य पर असंतोष व्यक्त किया

**भरतपुर (निसं)।** भरतपुर में आयुर्वेद राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने शहर में चल रहे निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। नगर निगम की ओर से बनाये जा रहे चौपाटी पर व नहर के पास फर्श निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवालिया निशान लगाए और घटिया स्तर का निर्माण कार्य के दौरान होने पर नाराजगी जताई। किला में बिहारीजी मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्य एवं अन्य कार्यो पर नाराजगी जताई और नगर निगम के संबंधित इंजीनियर एवं ठेकेदारों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देष भी दिए। इस दौरान मंत्री सुभाष गर्ग के साथ जिला कलेक्टर आलोक रंजन, नगर निगम आयुक्त कमलराम मीणा, एसडीएम देवेन्द्र परमार सहित इंजीनियर एवं संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

सुजान गंगा किनारे चौपाटी एवं नहर के पास बन रहे फर्श निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। मापदंड और नियमानुसार कार्य नहीं किया जा रहा था। उन्होनें लापरवाह अधिकारियों व ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिये। रविवार को तकनीकी शिक्षा एवं आयुर्वेद राज्य मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने सुजान गंगा नहर के किनारे मंशा देवी के निकट नगर निगम द्वारा बनाये जा रहे चौपाटी निर्माण की गुणवत्ता को देखकर असंतोष व्यक्त करते हुये नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि संवेदक को नोटिस देकर उसके विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करें। अवलोकन के दौरान पाया गया कि संवेदक ने निर्माण कार्यों में समय और गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जिसकी वजह से निर्माण का कार्य समय पर पूरा नहीं हो सका।

उन्होंने निर्देश दिये कि निगम के सहायक अभियंता नियमित रूप से कार्य की गुणवत्ता एवं गति की मॉनिटरिंग करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही मिले तो संवेदक को नोटिस देकर ब्लैक लिस्ट करने की कार्यवाही करें। उन्होंने सुजान गंगा के किनारे किये जा रहे स्टोन फ्लोरिंग के कार्य को देखकर नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि कार्य गुणवत्ता पूर्ण नहीं होने की वजह से पुराने निर्माण कार्य को हटाकर नये सिरे से करायें। उन्होंने जिला कलक्टर को निर्देश दिये कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले अभियंता को नोटिस जारी कर विभागीय कार्यवाही अमल में लायें।

## आरबीएम चिकित्सालय में निर्मित हो रहे सुपर स्पेसियलिटी ब्लॉक का किया अवलोकन

- करीब 88 करोड़ रूपये की लागत से 6 मंजिला ब्लॉक का 18 माह में होगा निर्माण
- निर्माण में गुणवत्ता पर रखें विशेष ध्यान, नियमित करें मॉनिटरिंग : डॉ. गर्ग



तकनीकी शिक्षा एवं आयुर्वेद राज्य मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने आरबीएम चिकित्सालय परिसर में सुपर स्पेसियलिटी ब्लॉक का अवलोकन किया जहां उन्होंने निर्माण एजेन्सी के अभियंताओं को निर्देश दिये।

**भरतपुर, (निसं)।** तकनीकी शिक्षा एवं आयुर्वेद राज्य मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने रविवार को आरबीएम चिकित्सालय परिसर में करीब 88 करोड़ रूपये की लागत से बन रहे सुपर स्पेसियलिटी ब्लॉक का अवलोकन किया जहां उन्होंने निर्माण एजेन्सी के अभियंताओं को निर्देश दिये कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जायेगा और गुणवत्ता की जांच के लिये प्रतिदिन आरएसआरडीसी के इंजीनियर मॉनिटरिंग करेंगे।

अवलोकन के दौरान डॉ. गर्ग ने निर्देश दिये कि प्रतिमाह एक मंजिल का निर्माण होना चाहिये ताकि सम्पूर्ण भवन का निर्माण निर्धारित समय में हो सके। उन्होंने जिला कलेक्टर को निर्देश दिये कि भवन के कन्सलटेंट को पाबन्द करें कि वह निर्धारित समय पर आकर गुणवत्ता एवं अन्य कार्यों की जांच करे और यदि वह लापरवाही बरते तो उसे नोटिस जारी करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि भवन से गन्दे एवं वर्षा जल की निकासी के लिये ड्रेनेज सिस्टम की कार्ययोजना बनाकर इसका कार्य भी प्रारम्भ करायें। उन्होंने आरएसआरडीसी के अभियंताओं को यह भी निर्देश दिये कि भवन को सैन्ट्रल एयरकन्डीशनर करने के लिये कार्ययोजना तैयार कर स्वीकृति के लिये भिजवायें।

डॉ. गर्ग ने नगर निगम के आयुक्त एवं अधिशाषी अभियंता को निर्देश दिये कि आरबीएम चिकित्सालय से रीको की ओर जाने वाली सडक का दोहरीकरण करने एवं दोनों पुलियाओं को चौडा करने की कार्ययोजना तैयार करें ताकि यह कार्य भी प्रारम्भ किया जा सके। इस सडक पर किये गये अतिक्रमणों को हटवायें की कार्यवाही प्रारम्भ करें। उन्होंने सुपर स्पेसियलिटी के मुख्य भवन के सामने मैन रोड के साथ साथ दोनों ओर सर्विस लेन भी बनायें ताकि अनावश्यक वाहन खडे नहीं हो सकें और पैदल आने-जाने वालों को कोई परेशानी नहीं हो। उन्होंने कहा कि आरबीएम चिकित्सालय परिसर के पास नगर विकास न्यास की स्कीम 10 में से आधे भाग की भूमि पर चिकित्सालय के कार्मिकों के आवासीय भवनों का निर्माण एवं अन्य मेडिकल शैक्षणिक संस्थाओं के निर्माण की कार्ययोजना भी तैयार करें। इस अवसर पर जिला कलेक्टर आलोक रंजन ने विश्वास दिलाया कि वे भवन के कन्सलटेंट के साथ बैठक कर प्रयास करेंगे कि भवन की गुणवत्ता की नियमित जांच हो और निर्माण कार्य को भी अपेक्षित गति मिलती रहे। इस दौरान नगर निगम के आयुक्त कमलराम मीणा, उपखण्ड अधिकारी देवेन्द्र परमार, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी जिज्ञासा साहनी के अलावा आरएसआरडीसी, नगर निगम व नगर विकास न्यास के अभियंता उपस्थित थे।

## 'किसान की खुशहाली के बिना आजादी अधूरी है'



पीपल्दा जलोत्थान राजस्थान के 32 गांव के प्रमुख प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित हुई।

**सवाई माधोपुर।** पीपल्दा जलोत्थान राजस्थान के 32 गांव के प्रमुख प्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित करते हुए किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने कहा कि इस परियोजना के नाम के अनुकूल सिंचाई को प्राथमिकता देने के कारण प्रस्तावित 2 लाख हेक्टेयर के स्थान पर 4 लाख हेक्टेयर प्यासी भूमि को पानी दिए जाने से क्षेत्र में खुशहाली आएगी। भूमि को पानी मिलने पर जादुई प्रभाव होता है तब भूमि सोना उगलने लगती है। योजना में उपलब्ध पानी में से 80 प्रतिशत तक पानी को सिंचाई हेतु आरक्षित किया जाना इसके लिए आवश्यक है। उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने गांव-गांव में जागरण करने एवं किसानों का विशाल सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया और इसके लिए पूर्व सरपंच गण्डावर लोकेंद्र मीणा को संयोजक बनाया। इसी के साथ संयोजन समिति बनाई जिसमें मेई कलां के पूर्व सरपंच महावीर प्रसाद जाट, राम किशन जाट, सोनकच्छ के रामप्रसाद गुर्जर, मेई खुर्द से हेमराज बैरवा, बड़वास के प्रहलाद मीणा, कामोखरी से सुग्रीव जाट, मेई कलां से सीताराम जाट, गोठड़ा से बनवारी (सोशल मीडिया प्रमुख), रामबाबू, ज्ञान सिंह, गण्डावर से रोशन मीणा को नामित किया गया।

पंचायत समिति खंडार के सदस्य रामफूल मीणा को भी समिति में रखा गया जिन्होंने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी को तन मन धन से इस कार्य में जुट जाने का आव्हान किया।